परिपत्र संख्या- 151606/ वर्ष -2015-16

विषय : वाणिज्य कर विभाग का स्थापना दिवस

पत्र संख्या-एस0एस0-विविध-निर्देश-2015-16 / 1203 / वाणिज्य कर

कार्यालय : कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 ।
(संख्या अनुभाग)
लखनऊ : दिनॉक : 11-02-,2016

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,**
**जोनल मुख्यालय के सम्भाग को छोड़कर समस्त सम्भागीय ज्वाइंट कमिश्नर (कार्य0) वाणिज्य कर,**
**जोनल व सम्भागीय मुख्यालय को छोड़कर शेष जनपद के वरिष्ठ डिप्टी कमिश्नर /खण्डाधिकारी, वा0 कर**

आप अवगत हैं कि 26 फरवरी को वाणिज्य कर विभाग का स्थापना दिवस है । अत: प्रत्येक जनपद के वाणिज्य कर कार्यालय में स्थापना दिवस पर निम्नवत् कार्यक्रम की व्यवस्थाएं किये जाने की अपेक्षा की जाती है ।

1. **स्वच्छ वातावरण** : दिनॉक 26-2-2016 से पूर्व विभाग के सभी कार्यालय को स्वच्छ एवं सुव्यस्थित कर लिया जाये, इस हेतु अनावश्यक अभिलेख/ रिपोर्ट की नियमानुसार वीडिंग करा ली जाये । कार्यालय परिसर में अथवा आसपास खाली जगह की सफाई कराकर कुछ वृक्ष अथवा फूलदार पौधे लगायें जायें ।

   जिले के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा निरीक्षण करके जो कार्यालय भवन सबसे अधिक स्वच्छ व सुव्यवस्थित पाया जाये, उसे शील्ड /मोमेण्टो दिया जायेगा, जिस पर **वाणिज्य कर विभाग उ0प्र0 स्थापना दिवस निर्मल कार्यालय पुरस्कार जोन-------- वर्ष-2016** अंकित किया जायेगा ।
2. **शपथ ग्रहण :** दिनॉक 26 फरवरी-2016 प्रात: 10:00 बजे संलग्न प्रारुप में विभागीय प्रतिज्ञा (Pledge) सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा पढ़ी जाये तथा उपलब्धता के अनुसार कुछ वृक्ष व फूलदार पौधे कार्यालय परिसर में लगाकर वृक्षारोपण किया जाये ।

   प्रतिज्ञा पढ़ने के बाद उस दिन के शासकीय कार्य 2:30 बजे तक सम्पन्न किये जायेंगे ।
3. **अभिव्यक्ति का कार्यक्रम : दिनॉक 26 फरवरी-2016 को** अपरान्ह 3:00 बजे से **1:30 घण्टे का** यह कार्यक्रम कार्यालय में कराया जाये, कार्यक्रम में वाणिज्य कर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, अधिवक्ता व व्यापारी वर्ग भी सम्मिलित किया जाये । कार्यक्रम का आयोजन कार्यालय परिसर में उपलब्ध स्थान पर किया जायेगा । सभी प्रतिभाग करने वालों को विचार प्रस्तुत करने का अवसर दिया जाये, जिसका विषय होगा ।

   **विषय :** बिना बिल की खरीददारी, बिल्कुल नहीं है समझदारी : वाणिज्य कर राजस्व का राज्य की प्रगति में योगदान ।
4. **सांस्कृतिक कार्यक्रम** : अभिव्यक्ति का कार्यक्रम सम्पन्न होने के बाद **1:30 घण्टे का सांस्कृतिक कार्यक्रम** आयोजित किया जाये, जिसमें प्रतिभागी द्वारा कविता, गजल इत्यादि कार्यक्रम कार्यालय की गरिमा के अनुरुप प्रस्तुत किया जायेगा । जिसमें बाहरी कलाकार नहीं बुलाये जायेंगे, किसी भी प्रकार का कोई नृत्य या गाने का कार्यक्रम नहीं कराया जायेगा, केवल विभागीय कर्मचारी / अधिकारी व विभाग के पजीकृत व्यापारी व उनके अधिवक्ता ही भाग लेंगे ।
5. अभिव्यक्ति का कार्यक्रम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु विभागीय अधिकारी / कर्मचारी में से एक नाम, विभाग से जुड़े अधिवक्ता वर्ग से दूसरा नाम एवं व्यापारी वर्ग से तीसरा नाम लेकर तीन सदस्यीय जज

पैनल बनाया जाये तथा इनके द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी को दिये गये अंकों का योग करके अधिक यूनिट प्राप्त करने वाले को विजेता घोषित किया जाये।

6. अधिकारी / कर्मचारी वर्ग, अधिवक्ता वर्ग व व्यापारी वर्ग, इन तीनों वर्ग से अलग-अलग विजेता का चयन किया जायेगा। पुरस्कार में शील्ड /मोमेण्टो दिया जायेगा, कप / शील्ड पर **वाणिज्य कर विभाग उ0प्र0 स्थापना दिवस अभिव्यक्ति व सांस्कृतिक पुरस्कार जोन-------- वर्ष-2016** अंकित किया जायेगा।
7. अभिव्यक्ति के कार्यक्रम में जो संरचनात्मक सुझाव प्राप्त होंगे वह सम्बन्धित जनपद के वरिष्ठ अधिकारी द्वारा मुख्यालय को उपलब्ध कराया जायेगा।
8. **खेलकूद प्रतियोगिता :** दिनॉक 26-02-2016 में राजस्व संगह की मॉनीटरिंग के दृष्टिगत प्रत्येक जनपदीय कार्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता या सद्भावना क्रिकेट मैच पूर्वान्ह 10:00-15:00 तक दि0 21-02-2016 रविवार को आयोजित कराया जाये। प्रतियोगिता में व्यापारी व अधिवक्ता का एक दल तथा अधिकारी / कर्मचारी का एक दल होगा। प्रतियोगिता का उददेश्य हार-जीत के बजाय पारस्परिक सौहार्द होगा। मैच में विजेता दल को शील्ड /मोमेण्टो दिया जायेगा, जिस पर **वाणिज्य कर विभाग उ0प्र0 स्थापना दिवस प्रतियोगिता पुरस्कार जोन-------- वर्ष-2016** अंकित किया जायेगा तथा शील्ड / मोमेण्टो वाणिज्य कर दिवस पर सॉस्कृतिक कार्यक्रम के उपरान्त वितरित किया जायेगा।
9. प्रत्येक जोन में कार्यालयाध्यक्ष व अपने कार्यालय में आम सहमति के आधार पर राजस्व संग्रह / प्रवर्तन कार्य में विशिष्ट योगदान करने वाले अधिकारी / कर्मचारी (इस वित्तीय वर्ष में सेवानिवृत्त / कार्यरत) को सम्मानित किया जाये। सम्मानित किये जाने वाले सदस्य को शील्ड /मोमेण्टो दिया जायेगा, जिस पर **"वाणिज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस विशिष्ट योगदान सम्मान जोन-------- वर्ष-2016"** अंकित किया जायेगा।
10. प्रत्येक जोन में वर्ष में सबसे अधिक नेट कर राजस्व देने वाले 10 बड़े करदाता (पी0एस0यू0 व लिमिटेड कम्पनियों को छोड़कर) में से गत दो वर्ष में लगातार अधिक वृद्धि दर से राजस्व देने वाले डीलर्स को शील्ड /मोमेण्टो से सम्मानित किया जायेगा। जिस पर **"भरो कर, रहो निडर"** लिखा जाये व **"वाणिज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस राजस्व योगदान सम्मान जोन-------- वर्ष-2016"** अंकित किया जायेगा।
11. जिस स्थल पर दो जोन हैं, वहॉ शील्ड में जोन का नाम स्थल के नाम से अंकित किया जायेगा, दोनों जोन मिलकर संयुक्त रुप से एक ही कार्यक्रम रखेंगे और एक ही पुरस्कार प्रदत्त करेगे। मुख्यालय एवं ट्रेनिंग सेण्टर के समस्त अधिकारी / कर्मचारी द्वारा लखनऊ मण्डल कार्यालय के कार्यक्रम में सहभाग किया जायेगा।

**(मुकेश कुमार मेश्राम)**
**कमिश्नर, वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

**पृ0पत्र संख्या एवं दिनॉक : तदैव।**

**प्रतिलिपि :** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रमुख सचिव, वाणिज्य कर व मनोरंजन कर, उ0प्र0 को अवलोकनार्थ।
2. समस्त एडीशनल कमिश्नर / ज्वाइंट कमिश्नर, वाणिज्य कर मुख्यालय।

11/02/16

**कमिश्नर, वाणिज्य कर**
**उत्तर प्रदेश।**

# स्थापना दिवस शपथ का प्रारुप

मैं ----------------------- वाणिज्य कर विभाग के स्थापना दिवस के अवसर पर यह शपथ लेता हूँ कि मैं शासन की अपेक्षानुसार राजस्व संग्रह करुँगा एवं करापवंचन पर प्रभावी रोकथाम हेतु पूर्ण निष्ठा, कर्तव्य-परायणता, दृढ़ता, पारदर्शिता तथा निष्पक्षता से कार्य करुँगा।

मैं सम्वेदनशील प्रशासन के दृष्टिगत अपने कार्य एवं व्यवहार में विनम्रता, शिष्टाचार एवं सहयोगात्मक टीम भावना का पालन करुँगा। मैं अपने कार्यालय एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने में अपना शत-प्रतिशत योगदान सुनिश्चित करुंगा।